श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
(Central University)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110 016 (भारत)
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110 016 (INDIA)

पत्र संख्या
Ref. No. No. F. (3)/(106)/LBNSU/Acad/2023/55

दिनांक
Date 12.07.2023

## सम्बद्धता आदेश

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट-2020 की धारा 6 (xiii) एवं सम्बद्धता अध्यादेश में दिये गये प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय निरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट एवं सम्बद्धता समिति की अनुशंसा को विद्यापरिषद् की दिनांक 19.06.2023 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय तथा कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30.06.2023 में उक्त विषय पर दी गई स्वीकृति के आधार पर **"महाराजा अग्रसेन नैचुरोपैथी एवं योग साधना शोध ट्रस्ट" C/o बालाजी नेचर केयर वैलनैस सेन्टर (बालाजी निरोगधाम) पल्ला रोड, बख्तावरपुर, नई दिल्ली-110036**, को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली-110016, के दर्शनशास्त्र पीठ में योग विज्ञान विभाग के अन्तर्गत स्नातक स्तर $5^{1/2}$ वर्षीय बैचलर आफ नैचुरोपैथी एवं यौगिक सांइसेज (BNYS) तथा एकवर्षीय पी.जी. डिप्लोमा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (एक सैक्शन) में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत कतिपय शर्तों के अधीन दिनांक 15.07.2023 से आगामी एक वर्ष हेतु उक्त पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए अस्थाई सम्बद्धता की पूर्वानुमति प्रदान की गई है:-

1. संस्था द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट-2020 की धारा 6 (xiii) के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गये सम्बद्धता अध्यादेश में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार सम्बद्धता प्राप्ति की तिथि के पश्चात् उक्त पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने से पूर्व सभी निर्धारित मानकों को पूर्ण कर लिया जाएगा, अन्यथा अगले शैक्षणिक वर्ष में छात्रों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
2. संस्था सशर्त सम्बद्धता आदेश में इंगित कमियों की पूर्ति कर लेगी एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रतिवर्ष प्रेषित करना होगा कि संस्था द्वारा सम्बद्धता की शर्ते निरन्तर पूरी की जा रही है।
3. संस्था, विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किये गये दिशा-निर्देशों एवं इस विषय में समय-समय पर निर्गत किये आदेशों का पालन किया जाएगा ।
4. यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली/अध्यादेश में वर्णित निर्धारित शर्तो एवं मानकों की पूर्णता एवं उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नहीं किया जायेगा, तो केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम-2020 तथा सम्बद्धता अध्यादेश में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत संस्था को प्रदान की गई सम्बद्धता वापस लिए जाने की कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार की जाएगी ।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

3.3.3

5. BNYS, $5^{1/2}$ वर्षीय पाठ्यक्रम बहुत विशेषज्ञता प्रकृति का पाठ्यक्रम होने के कारण संस्था द्वारा इसके संचालन में प्रयोग होने वाले समस्त संशाधन एवं आवश्यकताओं को समयानुसार पूर्ण करना होगा। तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग / अन्य विधिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति एवं अन्य पाठ्यक्रम से सम्बन्धित कार्य पूर्ण करने होगें। संस्था द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पाठ्यक्रमों हेतु निर्धारित किया गया पाठ्यक्रम ही चलाना होगा।

6. संस्था द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम में 60 सीटों पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई पात्रता एवं प्रक्रिया के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया एवं अध्यापन कार्य को पूर्ण करना होगा ।

7. संस्था द्वारा इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तथा प्रवेश उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क ही प्राप्त करना होगा तथा उसका पूर्ण विवरण तैयार कर विश्वविद्यालय में समयबद्ध तरीके से प्रस्तुत करना होगा।

8. संस्था द्वारा पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने से पूर्व BNYS ($5^{1/2}$ वर्षीय पाठ्यक्रम) को अपनी संस्था में चलाने की स्वीकृति दिल्ली सरकार से प्राप्त करनी आवश्यक होगी, तथा दिल्ली सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त कर उसकी एक प्रति विश्वविद्यालय में जमा करानी होगी।

9. यदि महाराजा अग्रसेन नैचुरोपैथी और योग संस्थान रिसर्च ट्रस्ट, C/o बालाजी नेचर केयर वैलनेस सेन्टर (पूर्व बालाजी निरोगधाम), पल्ला रोड, बख्तावरपुर, नई दिल्ली-110036, का अनुमोदन निरस्त किया जाता है तो इस संबंध में समस्त उत्तरदायित्व संस्था का होगा और विधिक रूप से किसी भी कार्यवाही के लिए संस्था उत्तरदायी होगी।

10. संस्था द्वारा इस विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का बदलाव करने से पूर्व विश्वविद्यालय की अनुमति आवश्यक होगी।

12.07.2023
कुलसचिव (प्रभारी)

प्रतिलिपि :-

1. अध्यक्ष, **''महाराजा अग्रसेन नैचुरोपैथी एवं योग साधना शोध ट्रस्ट''** C/o बालाजी नेचर केयर वैलनैस सेन्टर (बालाजी निरोगधाम) पल्ला रोड, बख्तावरपुर, नई दिल्ली-110036
2. सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, आई.एन.ए नई दिल्ली-110023
3. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
4. कुलपति जी के निजी सचिव
5. कुलसचिव/वित्ताधिकारी के निजी सचिव
6. पीठप्रमुख (दर्शन)
7. पीठप्रमुख (शैक्षणिक)
8. विभागाध्यक्ष, योग विज्ञान विभाग
9. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
10. उपकुलसचिव, लेखा
11. उपकुलसचिव, परीक्षा
12. अधिशासी अभियंता
13. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
14. सम्बन्धित पंजिका

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
Assistant Registrar (Academic)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

12.07.2023
कुलसचिव (प्रभारी)